भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2386
15 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

सेल इकाइयों का बंद होना

2386. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने हाल ही में अपनी कई इकाइयों को बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन इकाइयों के बंद होने के कारण कितने कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं;

(घ) घाटे में चलने अथवा अप्रचलित प्रौद्योगिकी के कारण कितनी इकाइयां बंद की गई थीं;

(ङ) क्या सरकार का विचार इन इकाइयों के आधुनिकीकरण के लिए उन्हें पुनरूद्धार पैकेज देने और अपने कर्मचारियों को बेरोजगारी से बचाने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी शुरू करने का है; और

(च) सरकार द्वारा उक्त प्रयोजनार्थ अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): जी, नहीं। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) ने हाल ही में अपने किसी संयंत्र/इकाई को बंद नहीं किया है।

(ख) से (च): उपरोक्त उत्तर के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

*****